अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, रीवा

दिनांक 28.3.2020

अति आवश्यक तत्काल

प्रति
समस्त संकायाध्यक्ष
अधिष्ठाता महाविद्यालय विकास
विभागाध्यक्ष, विश्वविद्यालय
अधिष्ठाता छात्र कल्याण
प्रभारी आचार्य, विश्वविद्यालय पुरा छात्र संघ
शिक्षण विभाग महाविद्यालयों के प्राचार्य गण
विश्वविद्यालय शिक्षण विभाग के समस्त सम्मानित शिक्षक
विश्वविद्यालय के अधिकारीगण
विश्वविद्यालय के कर्मचारी गण

विषय: व्हाट्सएप के माध्यम से राज्य शासन द्वारा तैयार किए गए कोरोना वायरस के बचाव संबंधी निर्देशों का प्रसारण
संदर्भ : राज्यपाल के सचिव का पत्र दिनांक 28 मार्च 2020

महोदय,
हमारे प्रदेश और देश, विश्व के अनेक देशों के साथ इस समय Covid-19 की महामारी के प्रकोप से ग्रस्त है। इस बीमारी का वर्तमान में कोई इलाज संभव नहीं है। हम इससे सिर्फ बचाव कर सकते हैं। बचाव के लिए आवश्यक है कि हमारे पास अधिकृत सही जानकारी उपलब्ध हो। अतः हम सब का यह दायित्व है कि कोविड-19 के संबंध में नागरिकों के बचाव के संबंध में तथ्यपरक सही-सही जानकारी उपलब्ध कराएं। विश्वविद्यालय और महाविद्यालय इसमें महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वाह कर सकते हैं। मेरा आपसे अनुरोध है कि विश्वविद्यालय /महाविद्यालय के प्राध्यापकों सहित समस्त शैक्षणिक एवं गैर शैक्षणिक स्टाफ को मोब्लाइज करें और उन्हें निर्देश दें कि वे निम्नानुसार कार्यवाही करें -
निर्देशानुसार यह समस्त कार्यवाही आज से ही समस्या के निराकरण होने तक संपन्न की जानी है:
1. सम्बद्ध महाविद्यालयों के शैक्षणिक, गैरशैक्षणिक एवं अध्ययनरत छात्रों के व्हाट्स एप्प समूह में दिन में दो-तीन बार शासन की दी गई वेबसाइट से आवश्यक अधिकृत सामग्री डाउनलोड कर मैसेज भेजने होंगे।
2. प्राप्त संदेश को समूह के माध्यम से अपने समस्त संपर्कों तक फॉरवर्ड करना है।
3. संदेश में इस तथ्य का अनिवार्य रूप से अंकन किया जाए कि संदेश अधिकृत वेबसाइट से लिया गया है।
4. छात्रों से भी अनुरोध करें कि वे उन्हें प्राप्त संदेशों को आगे प्रसारित करें।
मध्यप्रदेश शासन स्वास्थ्य विभाग की वेबसाइट http://mphealthresponse.nhmmp.gov.in/covid/ से covid-19 के संबंध में उपलब्ध सूचना और प्रसार संबंधी जानकारी डाउनलोड की जाए और उन्हें मैसेज के रूप में समूह में भेजी जाए।
5. संकायाध्यक्ष अपने संकाय के व्हाट्स एप्प समूह पर प्राप्त संदेश को आगे प्रसारित करेंगें।
6. विश्व विद्यालय शिक्षण विभाग के समस्त विभागाध्यक्ष उपरोक्त निर्देशानुसार संचालित पाठ्यक्रम में अध्ययनरत छात्रों के व्हाट्सएप ग्रुप में डाउनलोड किए गए संदेश को अग्रेषित करेंगे।
7. विश्वविद्यालय में कार्यरत समस्त गैर शैक्षणिक कर्मचारी अपने मोबाइल के माध्यम से आगे के संपर्क सूत्रों को प्राप्त संदेश प्रसारित करेंगे ।
8. विश्वविद्यालय में पदस्थ समस्त अधिकारीगण अपने व्हाट्सएप समूह में प्राप्त संदेश को अपने संपर्क सूत्रों के बीच प्रसारित करेंगे।

9. प्रभारी आचार्य एवं सभी विभागाध्यक्ष विश्वविद्यालय के ' पुरा छात्र समूहों 'के बीच समन्वय कर इन संदेशों को प्रसारित करेंगे।

10. विश्वविद्यालय की वेबसाइट http://apsurewa.ac.in/ के साथ साथ फेस बुक लिंक https://www.facebook.com/apsurewaofficial भी तैयार की गई है जिसके माध्यम से जागरुकता अभियान प्रगति पर है। इसमें उपलब्ध सामग्री का भी उपयोग किया जा सकता है।

11. विश्वविद्यालय के आई टी प्रकोष्ठ में संलग्न श्री ईशान सिंह के व्हाट्स एप्प मोबाइल(9713000032) पर प्रत्येक दिन कितने मोबाइल पर संदेश प्रेषित किये गए कि जानकारी सम्बन्धितजन उपलब्ध कराना आवश्यक रूप से सुनिश्चित करेंगे जिससे राजभवन को जानकारी प्रेषित की जा सके। श्री ईशान सिंह और श्री राकेश चडार, सहायक कुलसचिव समन्वय कर, इस जानकारी से, डॉ पी के राय को अवगत कराएंगे।

आदेशानुसार

कुलसचिव

Kids, Vaayu and Corona : Who Wins the Fight?

A comic for COVID-19 awareness

http://mphealthresponse.nhmmp.gov.in/covid/wp-content/uploads/2020/03/corona-comic.pdf

https://self4society.mygov.in/volunteer/